# स्टार्टअप से आत्मनिर्भरता संग खुल रहे रोजगार के द्वार

## सीआइएमपी, उद्योग विभाग और टाई पटना ने मनाया राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस, बोले उद्योग मंत्री– सरकार हर मदद करने को तैयार



सीआइएमपी में आयोजित कार्यक्रम में कैलेंडर जारी करते उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, संस्थान के निदेशक व अन्य • जागरण



राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित युवा • जागरण

**जागरण संवाददाता, पटना :** आज की पीढ़ी को अपने सपने पूरे करने के जितने अवसर प्राप्त हो रहे हैं, वह पूर्व की पीढ़ी को मयस्सर नहीं था। मजबूत इच्छाशक्ति हो तो सपने को जमीन पर उतारने के लिए सरकारी और गैरसरकारी एजेंसियां सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। भारत में सबसे अधिक युवा आबादी है, जबकि देश में बिहार प्रथम है। युवाओं को रोजगार देने में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त बातें राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी), उद्योग विभाग और टाई पटना द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहीं। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग की जिम्मेवारी मिली थी तो 500 स्टार्टअप निबंधित थे। इस पर एक साल में एक शून्य बैठाकर पांच हजार करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक पंचायत में एक से अधिक सफल स्टार्टअप का लक्ष्य रखा गया है। आठ हजार से अधिक पंचायतों में स्टार्टअप के लिए काम किया जा रहा है।

**बेंगलुरु की तरह इको सिस्टम की कवायद :** उद्योग विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने कहा कि स्टार्टअप के लिए बेंगलुरु की तरह इको सिस्टम तैयार करने की कवायद की जा रही है। इको सिस्टम डेवलप हो जाने पर युवा स्वतः इसके लिए खुद को तैयार करना प्रारंभ कर देंगे। अतिथियों ने खादी बोर्ड का वार्षिक कैलेंडर भी जारी किया। उद्घाटन सत्र के बाद पैनल चर्चा में सेवानिवृत्त आइएएस विजय प्रकाश, बीआइए के अध्यक्ष केपीएस केसरी, जेटो इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन के उपाध्यक्ष भरत ओसवाल, हथकरघा और रेशम निदेशक निखिल धनराज निप्पानीकर, आइआइटी पटना इंक्यूबेशन सेंटर के जनरल मैनेजर जोसेफ, टाई पटना के कार्यकारी निदेशक सह आइओसीएल बिहार-झारखंड के पूर्व निदेशक वैभव कुमार ने युवाओं को उनकी शंका का समाधान भी दिया। इसका संचालन सीए पल्लवी झा ने किया।

**पोर्टल पर मिल जाएगी सभी जानकारी :** हथकरघा और रेशम निदेशक निखिल धनराज निप्पानीकर ने कहा कि स्टार्टअप से संबंधित तमाम जानकारी के लिए अब एक क्लिक ही काफी है। स्टार्टअप बिहार पोर्टल (startupbihar.in) गुरुवार को उद्योग मंत्री ने लांच किया। इसमें सभी जानकारी युवाओं को मिल जाएगी। जेटो इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन के उपाध्यक्ष भरत ओसवाल ने कहा कि बिहार में असीम अवसर है। यहां का बड़ा बाजार उद्यमियों को आकर्षित करने वाला है। टाई ग्लोबल चेयर और टाई हैदराबाद के पूर्व अध्यक्ष मुरली बुक्कापटनम ने वर्चुअली हिस्सा लिया। सीआइएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह ने स्वागत किया।

### 20 स्टाल पर लगे स्टार्टअप के नवाचारी उत्पादों ने लुभाया

सीआइएमपी परिसर में स्टार्टअप के नवाचारी उत्पाद को प्रदर्शित करने के लिए 20 स्टाल लगाए गए। सत्तूज, घासपात, पावनी, वैमानिका एयरोस्पेस आदि ने आकर्षित किया। मंत्री नीतीश मिश्रा और सचिव बंदना प्रेयषी ने छह स्टार्टअप को चार से छह लाख तक का सीड तथा दो को 15-15 लाख रुपये का पोस्ट सीड फंड का चेक दिया। इसमें मोसो इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, स्टेज फाइंडर टेक प्राइवेट लिमिटेड, स्माइलस्केप हास्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड, अनपैरलल्ड लर्निंग टेक्नोलाजीज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड, वेबजाइरो टेक्नोलाजी और डिब्रेल सर्विसेज शामिल हैं।



सीआइएमपी में एक स्टाल पर रखा ड्रोन आकर्षण का केंद्र बना रहा • जागरण

**15** लाख रुपए तक पोस्ट सीड फंड स्टार्टअप को दिए गए

- इंक्यूबेशन सेंटर की वार्षिक रैंकिंग में सीआइएमपी और आइआइटी पटना संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहा
- सीआइएमपी ने लगातार तीसरे वर्ष भी पहला स्थान प्राप्त किया, सीएनएलयू तीसरे नंबर पर रहा
- इंक्यूबेशन सेंटर की वार्षिक रैंकिंग में डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा को दूसरा स्थान मिला
- उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने स्टार्टअप बिहार पोर्टल का किया शुभारंभ, एक क्लिक पर मिलेगी तमाम जानकारी



राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर सीड फंड मिलने के बाद खिले चेहरे • जागरण

### छह महीनों में स्टार्टअप सेल्स की रैंकिंग

| संस्थान | रैंक |
|---|---|
| गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज, औरंगाबाद | पहली |
| गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज, वैशाली | दूसरी |
| बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर | तीसरी |

### इंक्यूबेशन सेंटर की वार्षिक रैंकिंग

| | |
|---|---|
| सीआइएमपी व आइआइटी पटना | पहली |
| डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विवि, पूसा | दूसरी |
| चाणक्य नेशनल ला यूनिवर्सिटी, पटना | तीसरी |



**अविन्या बिहार-2025...** बिहार स्टार्टअप के लिए नया पोर्टल लॉन्च, 21 लाख रुपए वितरित

# स्टार्टअप के उत्पादों की प्रदर्शनी में उद्यम के प्रति राज्य के युवाओं का जुनून दिखा

सिटी रिपोर्टर . पटना

बिहार का स्टार्टअप ईको सिस्टम प्रगति के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है। यहां 900 पंजीकृत स्टार्टअप हैं। इनमें 139 का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर बुधवार को अविन्या बिहार-2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नए स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए 21 लाख रुपए दिए गए। नए उद्यमियों को संसाधन और उद्योग से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी आसानी से प्राप्त हो, इसके लिए बिहार स्टार्टअप के नए पोर्टल (startupbihar.in) को लॉन्च किया गया। इसका शुभारंभ उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया। इसे बिहार के निशांत शेखर ने विकसित किया है। इस कार्यक्रम का आयोजन उद्योग विभाग और चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना द्वारा किया गया। इसमें स्टार्टअप बिहार, सीआईएमपी-बीआईआईएफ, टीआईई पटना और बी-हब ने सहयोग किया। कार्यक्रम में बिहार के स्टार्टअप द्वारा अपने उत्पाद और सेवाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। वहीं, उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों को दर्शाने वाली फिल्म प्रदर्शित की गई। इसमें दिखाया गया कि बिहार का स्टार्टअप इकोसिस्टम प्रगति पथ पर तेजी से कैसे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में बिहार खादी कैलेंडर 2025 का अनावरण किया गया।

## राज्य में 900 स्टार्टअप पंजीकृत, इनमें 139 का नेतृत्व महिलाएं कर रहीं






### एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेंटर और स्टार्टअप सेल स्थापित होंगे

मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि आज के युवाओं में स्टार्टअप शुरू करने का जुनून और गर्व साफ झलकता है। राज्य में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेंटर और स्टार्टअप सेल स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे व्यवसाय करना आसान होगा। हमारी इच्छा है कि बिहार के हर कोने में स्टार्टअप सफलतापूर्वक फले-फूले। सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह ने कहा कि स्टार्टअप की बिहार टीम रोज नई उपलब्धियां हासिल कर रही है। उद्योग विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी ने कहा कि बिहार सरकार एक मजबूत स्टार्टअप ईको सिस्टम बनाने और नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बिहार स्टार्टअप सेल के नोडल पदाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर ने कहा कि हमें लोकल इनोवेशन और सस्टेनेबल विचारों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही उद्यमिता को राज्य स्तर पर प्रोत्साहित करना चाहिए।

**मनोविज्ञान को समझने पर कार्यशाला :** कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सुशील शर्मा द्वारा इन्वेस्टर्स के मनोविज्ञान को समझना, परफेक्ट पिचिंग की कला विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। तीसरे सत्र में बिहार में एक समृद्ध स्टार्टअप इकोसिस्टम का निर्माण विषय पर पैनल चर्चा हुई। इसका संचालन सीए पल्लवी झा ने किया।

Dainik Bhaskar ! Page No - 11 ! Date- 17-01-2025 !

# ब्लॉक स्तर पर बनेगा सेल, 5000 स्टार्टअप का लक्ष्य : मंत्री

## स्टार्टअप दिवस के मौके पर सीआइएमपी में कार्यक्रम

**संवाददाता, पटना**



चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी), उद्योग विभाग, बिहार सरकार और टाइ पटना की ओर से राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि उद्योग और पर्यटन मंत्री नितीश मिश्रा ने कहा कि सरकार प्रखंड स्तर तक स्टार्ट अप संस्कृति को विकसित करने के लिए केंद्र खोलेगी. युवा उद्यमी अपने आइडिया पर काम कर सकते हैं. सरकार की ओर से हरसंभव सहायता दी जायेगी. बिहार में पांच हजार स्टार्टअप शुरू करने का लक्ष्य है. इसे जल्द पूरा किया जायेगा. नितीश मिश्रा ने कहा कि अबतक युवा उद्यमियों के नौ सौ स्टार्टअप की फंडिंग की जा चुकी है. उन्होंने जिला स्तर पर स्टार्टअप सेल्स स्थापित करने की योजनाओं पर भी जोर दिया. अविन्या बिहार 2025 के तहत सीआइएमपी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग और पर्यटन मंत्री नितीश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि उद्योग विभाग की सचिव बंदना प्रेयशी और हथकरघा और रेशम निदेशक निखिल धनराज निप्पानीकर (आइएएस) उपस्थित थे.

## लगातार बेहतर रैंकिंग वाले ये संस्थान सम्मानित

बिहार के इनक्यूबेशन सेंटर्स की वार्षिक रैंकिंग में उत्कृष्टता के लिए ये संस्थान सम्मानित किये गये. चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी), आइआइटी, पटना, डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (पुसा), समस्तीपुर, चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (पटना)

---

इस मौके पर स्टार्टअप बिहार पोर्टल (startupbihar.in) का [illegible] नितीश मिश्रा ने शुभारंभ कि[illegible]. संस्थान में कई स्टॉल भी लगाये गये.

Parbhat Khabar ! Page No- 06 ! Date - 17-01-2025 !

# आज के युवाओं में साफ झलकता है स्टार्टअप शुरू करने का गर्व

- राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर उद्योग विभाग व चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के समन्वय से आयोजित 'अविन्या बिहार 2025 में बोले उद्योग सह पर्यटन मंत्री
- चयनित स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए वितरित किए गए सीड फंड के तहत लगभग 6 लाख और पोस्ट सीड फंड के तहत 15 लाख रुपये का चेक

**पटना (एसएनबी)।** उद्योग एवं पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और महत्वाकांक्षी युवाओं के उद्यमिता सफर में सहयोग देने की सरकार की प्रतिबद्धता दुहराई और कहा कि राज्य में बनाए जा रहे उद्यमिता विकास केंद्र और स्टार्टअप सेल से कारोबार करना आसान हो जाएगा।

श्री मिश्रा ने गुरुवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर उद्योग विभाग और चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (सीआईएमपी), पटना के समन्वय से बिहार में तेजी से विकसित हो रहे स्टार्टअप इकोसिस्टम, उद्यमियों की सफलताओं और राज्य के विकास में उनके योगदान पर केंद्रित कार्यक्रम 'अविन्या बिहार 2025' मे बिहार स्टार्टअप के नए पोर्टल का शुभारंभ तथा चयनित स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए सीड फंड के लगभग छह लाख रुपये और पोस्ट सीड फंड के तहत 15 लाख रुपये तक का चेक वितरण किया।

इसके बाद मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, आज के युवाओं में स्टार्टअप शुरू करने का जुनून और गर्व साफ झलकता है। बिहार सरकार स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और महत्वाकांक्षी युवाओं के उद्यमिता सफर में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य मे उद्यमिता विकास केंद्र और स्टार्टअप सेल स्थापित किए जा रहे है, जिससे व्यवसाय करना आसान होगा। हमारी इच्छा है कि बिहार के हर कोने में स्टार्टअप सफलतापूर्वक फलें-फूलें।

सीआईएमपी के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) राणा सिंह ने कहा, स्टार्टअप बिहार टीम हर दिन नई उपलब्धियां हासिल कर रही है। न केवल देश में बल्कि वैश्विक निवेशकों के बीच भी उनकी पहचान बन रही है। बिहार के युवा उद्यमी अपने नवाचार और आधुनिक दृष्टिकोण से राज्य के विकास में योगदान दे रहे है। वे बड़े निवेश आकर्षित कर रहे हैं, जो उनकी नवाचार क्षमता का प्रमाण है।

उद्योग विभाग की सचिव बन्दना प्रेयषी ने कहा, बिहार सरकार एक मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाने और नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्टार्टअप सरकार की प्राथमिकता है और हम बिहार को स्टार्टअप फंडिग का केंद्र बनाना चाहते है। बिहार के युवाओं में जो उत्साह हम देख रहे है, वह हमें आने वाले वर्षों मे बिहार में हजारों स्टार्टअप देखने की उम्मीद देता है। हम उनकी हर संभव मदद के लिए तैयार हैं।

बिहार स्टार्टअप सेल के नोडल पदाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर ने कहा, हमें स्थानीय नवाचार और समावेशी विचारों को अधिक से अधिक बढ़ावा देना चाहिए साथ ही उद्यमिता को राज्य स्तर पर प्रोत्साहित करना चाहिए। सरकार की सीड फंड एवं पोस्ट सीड फंड, स्टार्टअप सेल, इनक्युबेशन सेंटर जैसे सहायता और सुविधाओं से हमारे स्टार्टअप, नेशनल लेवल पे एक्सेल करने की क्षमता रखते हैं। बिहार का स्टार्टअप इकोसिस्टम प्रगति पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है जिसमें पंजीकृत 900 स्टार्टअप में 139 महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप शामिल हैं। राज्य सरकार ने इन स्टार्टअप्स का समर्थन करने के लिए कुल 52.67 करोड़ रुपये का वितरण किया है, जिसे सीड फंड, मैचिंग फंड, पोस्ट-सीड फंडिग और महिलाओं और अनुसूचित जाति-जनजाति (एससी-एसटी) उद्यमों के लिए अतिरिक्त सहायता में विभाजित किया गया है।

Rashtriya Sahara ! Page No - 03 ! Date - 17-01-2025 !

# स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : उद्योग मंत्री

**पटना ( आससे )।** नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस




के अवसर पर उद्योग विभाग बिहार और चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना के समन्वय से अविन्या बिहार 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग सह पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि आज के युवाओं में स्टार्टअप शुरू करने का जुनून और गर्व साफ झलकता है। बिहार सरकार स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और महत्वाकांक्षी युवाओं के उद्यमिता सफर में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेंटर और स्टार्टअप सेल स्थापित किए जा रहे हैं जिससे व्यवसाय करना आसान होगा। हमारी इच्छा है कि बिहार के हर कोने में स्टार्टअप सफलतापूर्वक संचालन हो। उद्योग विभाग के सचिव बंदना प्रेयसी ने कहा कि बिहार सरकार एक मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाने और नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करनेके लिए प्रतिबद्ध है। स्टार्टअप सरकार की प्राथमिकता है और हम बिहार को स्टार्टअप फंडिंग का केंद्र बनाना चाहते हैं। बिहार के युवाओं में जो उत्साह हम देख रहे हैं वह हमें आने वाले वर्षों में बिहार में हजारों स्टार्टअप देखने की उम्मीद देता है। हम उनकी हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। सीआईएमपी के निदेशक प्रोफेसर डॉ राणा सिंह ने कहा कि स्टार्टअप बिहार टीम हर दिन नई उपलब्धियां हासिल कर रही है। न केवल देश में बल्कि वैश्विक निवेशकों के बीच भी उनकी पहचान बन रही है। बिहार के युवा उद्यमी अपने नवाचार और आधुनिक दृष्टिकोण से राज्य के विकास में योगदान दे रहे हैं। वे बड़े निवेश आकर्षित कर रहे हैंए जो उनकी नवाचार क्षमता का प्रमाण है। बिहार स्टार्टअप सेल के नोडल पदाधिकारी श्री निखिल धनराज निप्पणीकर ने कहा कि हमें लोकल इनोवेशन और सस्टेनेबल विचारों को ज़्यादा से ज्यादा बढ़ावा देना चाहिए साथ ही उद्यमिता को राज्य स्तर पर प्रोत्साहित करना चाहिए। सरकार की सीड फण्ड एवं पोस्ट सीड फण्डए स्टार्टअप सेलए इनक्युबेशन सेंटर जैसे सहायता और सुविधाओं से हमारे स्टार्टअप नेशनल लेवल पे एक्सेल करने की क्षमता रखते हैं। नवाचार को और बढ़ावा देने के लिएए जिला स्तर पर 46 स्टार्टअप सेल स्थापित किए गए हैं जो उद्यमियों को ।

बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए 311 की बैठने की क्षमता के साथ 21 इनक्यूबेशन सेंटर और 3 ऑपरेशनल को.वर्किंग स्पेस बी.हब उपलब्ध हैं।

Aaj ! Page No- 11 ! Date- 17-01-2025 !



चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान में नेशनल स्टार्टअप डे पर गुरुवार को आयोजित कार्यशाला में मंत्री नीतीश मिश्रा और सचिव वंदना प्रेयषी को मोमेंटो देकर सम्मानित करते सीआईएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह। • हिन्दुस्तान

# उद्यमशीलता से बिहार के विकास का आधार बनें युवा

**बोले नीतीश मिश्रा**

**■ सीआईएमपी, उद्योग विभाग और टाई पटना ने 'अविन्या बिहार 2025' के तहत किया आयोजन**

पटना, मुख्य संवाददाता। उद्योग और पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार में एक जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार प्रतिबद्ध है। बिहार की युवा और ऊर्जावान आबादी नवाचार और उद्यमशीलता के माध्यम से आर्थिक विकास का आधार बन सकती है।

सरकार प्रखंड स्तर तक स्टार्ट अप संस्कृति को विकसित करने के लिए केंद्र खोलेगी। वे गुरुवार को चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी), उद्योग विभाग, बिहार सरकार और टाई पटना की ओर से राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस का आयोजन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। अविन्या बिहार 2025 के तहत सीआईएमपी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि उद्योग विभाग की सचिव बंदना प्रेयशी और हथकरघा और रेशम निदेशक निखिल धनराज निप्पानीकर (आईएएस) उपस्थित थे। सचिव बंदना प्रेयशी ने कहा कि बिहार सरकार एक मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाने और नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करनेके लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर स्टार्टअप बिहार पोर्टल (startupbihar.in) का मंत्री ने शुभारंभ किया।